प्रेस नोट

यातायात पुलिस

चोरी के वाहन जब्त

दिनाक:- 14.10.2023

श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त जोधपुर व श्री राजेश कुमार कांवत पुलिस उपायुक्त, यातायात जोधपुर के निर्देशानुसार अपराध में संलिप्त वाहनों की चैकिगं की गई। श्री भोपालसिंह लखावत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में दिनांक 01.10.2023 से 14.10.2023 तक यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा चोरी के वाहनों को पकड़ने के लिए चलाए गये विशेष अभियान के दौरान निम्न चोरी के वाहनों को बरामद किया गया। इस दौरान निम्नलिखित चोरी के वाहनों को सम्बन्धित थाना को सुपुर्द किया गया:-

1. दिनांक 14.10.2023 को रातानाडा चौराहा पर तैनात श्री पप्पुराम सहायक उप निरीक्षक, श्री अनिलकुमार कानि. 3047 व श्री रूपाराम होमगार्ड 1698 के द्वारा मोटरसाईकिल चला रहे एक लड़के को रोका गया। वाहन स्वामी के बारे में पूछताछ की तो सन्तोषजनक जवाब नहीं दे पाया क्योंकि मोटर साईकिल चोरी की थी। जिस पर वाहन चालक से कागजात के बारे में पूछा तो कागजात मंगवाने का बहाना कर फोन करते हुए दूर चला गया व मौका पाकर भाग गया। इसके बाद मोटर साईकिल को पुलिस थाना रातानाडा को सुपुर्द किया गया।
2. दिनांक 08.10.2023 को शोभावतों की ढ़ाणी चौराहा पर तैनात श्री रंगलाल हैड कानि. 1660 व श्री राजेन्द्र कानि. 3062 के द्वारा मोटरसाईकिल पर सफर कर रहे लड़के को रूकने का ईशारा किया तो वह भागने लगा, जिसको रोककर वाहन स्वामी के बारे में पूछताछ की तो सन्तोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जाँच करने पर

वाहन चोरी का पाया गया। जिस पर वाहन को पुलिस थाना चौ.हा.बोर्ड को सुपुर्द की गई।

3. दिनांक 07.10.2023 को कल्पतरू के पास क्रेन से यातायात व्यवस्था कर रहे श्री हरसहाय हैड कानि. 1538, श्री चन्द्रप्रकाश कानि. 269 व श्री ओमप्रकाश होमगार्ड 1092 ने मोटरसाईकिल पर सवार दो लड़कों को रूकने का ईशारा किया तो उन्होंने मोटरसाईकिल को तेजी से वापस मोड़ लिया। जिनका पीछा करने पर मोटरसाईकिल को छोड़कर भाग गये। जाँच करने पर वाहन चोरी होना पाया गया। जिस पर वाहन को पुलिस थाना शास्त्रीनगर की चेतक को सुपुर्द किया गया।
4. दिनांक 03.10.2023 को पुराना हाईकोर्ट गेट के सामने तैनात श्री रामनारायण हैड कानि. 1665 व श्री हरीसिंह कानि. 38 द्वारा सफर कर रहे दो लड़कों को रोककर मोटर साईकिल के नं. जी.जे. 31 जे 7558 को चैक किया व उन दोनों लड़कों से पूछताछ की तो वाहन चोरी का पाया गया। जिस पर पुलिस थाना उदयमन्दिर को वाहन सुपुर्द किया गया।
5. दिनांक 12.10.2023 को श्री मुकनाराम हैड कानि. 697, श्री जितेन्द्र कानि. 3065 व श्री ओमप्रकाश होमगार्ड 1092 के द्वारा नीलकण्ठ आईवीएफ हॉस्पीटल के सामने श्री सुनील भाटी निवासी मिल्क मैन कॉलोनी जोधपुर के 05 सेल्फ चैक गिरे हुए मिले। उक्त चैक 125000/- (एक लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र) के थे। इन 05 चैक के मालिक श्री सुनील भाटी को फोन करके बुलाया व चैक पुनः लौटाये।

(भोपालसिंह लखावत)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर